हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026



9 वाइस चेयरमैन से खफा पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार

10 10वीं के टॉपर्स को मिला वियतनाम टूर का उपहार









## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़।

### अस्पताल में डॉक्टरों की तैनाती की मांग की

बहादुरगढ़। नागरिक मंच बहादुरगढ़ ने नागरिक अस्पताल में अव्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। मंच संयोजक रामकिशन ने बताया कि मरीजों के पंजीकरण से लेकर ओपीडी तक भयंकर भीड़ होती है। जिस वजह से मरीज व स्टाफ सहित चिकित्सक भी परेशान रहते हैं। चिकित्सकों की कमी की वजह से हॉस्पिटल की दयनीय स्थिति बनी हुई है।

### लापता पिता को तलाशने की गुहार लगाई

बहादुरगढ़। लाइनपार का निवासी एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। जौहरी नगर के निवासी विकास का कहना है कि उसके 52 वर्षीय पिता अशोक गत एक अप्रैल की सुबह घर से बाहर गए थे लेकिन वापस नहीं आए। अब तक अपने स्तर पर तलाश करते रहे लेकिन कहीं नहीं मिले।

## मंडियों में 1 लाख 65 हजार एमटी गेहूं की आवक, 82 हजार एमटी खरीदी

# मंडी में किसानों को फसल बेचते समय किसी भी तरह की न हो परेशानीः डीसी

**समय पर उठान और उचित भंडारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ढेरियां और बोरी में भरते हुए श्रमिक।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में गाड़ी लोड करते हुए श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले की मंडियों में चल रही गेहूं खरीद प्रक्रिया को लेकर डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि उपज की खरीद के साथ-साथ उसका समय पर उठान और उचित भंडारण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और व्यवस्था सुचारू बनी रहे। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन सहित अन्य एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे खरीद के साथ-साथ उठान भी तय समयसीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिले की मंडियों और खरीद केंद्रों में एक लाख 65 हजार 246 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जबकि 82 हजार 318 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 56 हजार 387 मीट्रिक टन, बादली में 13 हजार 197 मीट्रिक टन, ढाकला में 12 हजार 764 मीट्रिक टन, बेरी में 22 हजार 338 मीट्रिक टन, मातनहेल में 27 हजार 881 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 9 हजार 809 मीट्रिक टन, छारा में 12 हजार 299 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 76 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 9 हजार 495 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार खरीद के आंकड़ों के अनुसार झज्जर मंडी में 25 हजार 110 मीट्रिक टन, बादली में 6 हजार 25 मीट्रिक टन, ढाकला में 5 हजार 454 मीट्रिक टन, बेरी में 10 हजार 949 मीट्रिक टन, मातनहेल में 16 हजार 433 मीट्रिक टन, माजरा डी में 5 हजार 881 मीट्रिक टन, छारा में 5 हजार 608 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 939 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 5 हजार 919 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

### उठान धीमा होने के कारण बढ़ी परेशानी

बहादुरगढ़। अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है, लेकिन उठान प्रक्रिया धीमी होने के कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को बहादुरगढ़ अनाज मंडी में 23 गेट पास कटने के बाद 1251 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। वहीं आसौदा मंडी में 129 गेट पास जारी हुए और 5236 क्विंटल गेहूं मंडी में पहुंचा। अब तक के आंकड़ों के अनुसार, बहादुरगढ़ मंडी में कुल 11 हजार 327 क्विंटल और आसौदा मंडी में एक लाख 2 हजार 405 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। दोनों मंडियों में मिलाकर कुल 1 लाख 13 हजार 732 क्विंटल गेहूं पहुंचा, जिसमें से 76 हजार 226 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है। हालांकि, उठान की गति काफी धीमी बनी हुई है। बहादुरगढ़ मंडी में केवल 29 फीसद और आसौदा मंडी में 37. 46 फीसद उठान हो पाया है। उठान में देरी के कारण बहादुरगढ़ अनाज मंडी में फड़ छोटा पड़ गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि किसानों को अपनी फसल सड़क पर उतारनी पड़ रही है, जिससे उन्हें नुकसान और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## सीबीएसई बोर्ड के होनहार



### आदर्श स्कूल के 42 में से 15 विद्यार्थी मेरिट में

झज्जर। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में सीबीएसई की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 42 में से 15 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। प्राचार्य जयप्रकाश यादव ने बताया कि शेष सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रा ऋषभ ने 94 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम तथा काजल ने 93 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आर्यन, उदित, रितिका, दीक्षा, केशव, यशिक ने भी बेहतरीन अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के निदेशक अमित गहलावत व संस्था समिति की सदस्या सीजू गहलावत ने कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालय के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।



### तक्षशिला स्कूल में महक रही अव्वल

झज्जर। तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रा महक ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि आरजू 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रही। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 15 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। ब्रिगेडियर रणसिंह स्कूल के होनहार विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ब्रिगेडियर रणसिंह की वंशिका को 98.4% अंक

झज्जर। ब्रिगेडियर रणसिंह पब्लिक स्कूल दुजाना में दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में छात्रा वंशिका ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र केशव गुप्ता व प्रियांशु 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व इशांत व इशिका 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय रहे। वंशिका और केशव ने गणित विषय में 100 अंक प्राप्त किए। इनके अलावा हंशिका व रुकसार ने बेहतरीन अंकों के साथ परीक्षा पास की। विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक व 62 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक शमशेर सिंह अहलावत, कमांडर बीके शर्मा और प्राचार्य राजवंती अहलावत ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### फाउंडेशन की भूमि ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक

बहादुरगढ़। फाउंडेशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई के कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परिणाम न केवल शत-प्रतिशत रहा, बल्कि विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ नए कीर्तिमान स्थापित किए। छात्रा भूमि ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रेचल ने 95 फीसद के साथ दूसरा तथा जयदीप ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंकुश ने 91 और आर्यवीर ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की समर्पित भावना और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। प्रिंसिपल मोनिका राठी ने कहा कि स्कूल भविष्य में भी इसी उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।



### डिंपल 97.2 % अंकों के साथ स्कूल में रहा प्रथम

झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल में दसवीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के छात्र डिंपल सैनी ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि छात्रा वैष्णवी 96.4 अंकों के साथ द्वितीय रही। वैष्णवी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 27 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत, जबकि 50 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



### पैरामाउंट के 15 छात्रों को 90 % से अधिक अंक

झज्जर। पैरामाउंट स्कूल छुछकवास का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। होनहार विद्यार्थियों में उज्जवल ने 98 प्रतिशत, भूमिका ने 96, अंतिम ने 95, आर्यन ने 94, योशिका व प्रीती ने 93, हर्ष व सूरज ने 92, भूमिका, तनीषा व हिमांशी 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा पास की। इनके अलावा 34 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत व 58 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। संस्था के चेयरमैन मंजीत सिंह फौगाट, निदेशक इंद्रजीत फौगाट, गोविंद फौगाट व डॉक्टर नरेंद्र यादव ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### पेस संस्थान में होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

झज्जर। पेस संस्थान में वीरवार को सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ग्रुप निदेशक जय विकास ने बताया कि संस्थान के 40 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। होनहार विद्यार्थियों को फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। छात्रा मानवी ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। होनहार विद्यार्थियों में गुंजन, छाया, सुहानी, कनक, नैंसी, यश, वंश, अंशुमान, सिद्धांत, गौरव, गीतिका, प्रियांशु, रौनक, हर्षित, विनय, अर्जुन, आरुषि, जय आदि मौजूद रहे।



### बाल विकास का परिणाम रहा शत प्रतिशत

बहादुरगढ़। सीबीएसई दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते शत-प्रतिशत सफल परिणाम दिया। आंचल ने 500 में से 490, सिमरन ने 500 में से 470, दीपिका और मानसी ने 500 में से 466 अंक प्राप्त किए। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ. सीमा छिल्लर तथा प्रधानाचार्य डॉ. पूनम चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### सैनिक के शौर्य और श्रेयस के आए 98.2% अंक

बहादुरगढ़। दसवीं में इस वर्ष भी सैनिक पब्लिक स्कूल का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। शौर्य और श्रेयस ने 98.2 प्रतिशत प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सोहम ने 97.6 और लोकेश ने 96.6 फीसद प्राप्त किए। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने टॉपर छात्रों की कक्षा 12वीं तक की फीस माफ करने की घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष लक्ष्य, रचित, सार्थक, दक्षा, सक्षम, ख़ुशी, शिवांश, अतुल, गगन आदि लगभग 20 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।



### एलए स्कूल के 38 विद्यार्थियों की मेरिट

झज्जर। एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्र आर्य यशवीर दलाल ने 97.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा दीक्षा 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व भाविका शर्मा 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रही। इनके अलावा तरुण, जिया, शगुन, नितिन फोगाट, आकांक्षा, भाविका फोगाट, जतिन, आदित्य ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इस सफलता पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### फसल जलने पर मांगा मुआवजा

बहादुरगढ़। गांव दुल्हेड़ा में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से किसानों को भारी नुकसान होने के बाद वीरवार को विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादियान भी खेतों में पहुंचे और प्रभावित किसानों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के नुकसान पर चिंता जताते हुए प्रशासन को तुरंत राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। विधायक ने सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों को अविलंब 60 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके। किसानों की मेहनत की फसल इस तरह जलना बेहद दुखद है।

## आरपीएस के पांच छात्रों ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया स्कूल का मान

- 64 विद्यार्थियों ने 99% 734 विद्यार्थियों ने 95% व 1567 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक किए हासिल



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरपीएस शिक्षण संस्थान की दिव्या यादव, अदित्री, ओनवी यादव, रिद्धिमा यादव व आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला, देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान व समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया, तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे देश व प्रदेश में गौरवान्वित किया है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आरपीएस संस्था के 493 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर विषय की वरियता सूचि में प्रथम स्थान हासिल किया।

### आरपीएस कोसली के 36 स्टूडेंट्स के 90% से अधिक अंक




झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित होनहार विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। आरपीएस स्कूल कोसली में दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। छात्रा अवनि यादव ने 99.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, हिमांशी ने हिमांशी 98 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व जानवी व भाव्या ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन श्रीभगवान यादव ने बताया कि अन्य होनहार विद्यार्थियों में अंश, दीपांशु, मेघना, मनस्वी, मोहित, अक्षत, दिशा यादव, आरोही राव, केशव, यश सहरावत, याक्षी, वंशिका, सुमित, इशांत, संस्कार, रिया, गीतांजलि, राशि, समीर, यांशी, पूजा, खुशी यादव, यश, जयंत, हिना, अंशिका, हर्ष, समृद्धि, हिमांशी, दिव्या, खुशबू यादव शामिल रहे।

### आरईडी की सारिका के आए 99.4% अंक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आरईडी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की तीनों शाखाओं में सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। छुछकवास शाखा की छात्रा सारिका ने 99.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम हासिल किया। छात्र आरव ने 99.2 अंक, मानसी व तनुज ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कुल 258 विद्यार्थियों में झज्जर शाखा से 30, छुछकवास शाखा से 20 तथा दादरी शाखा से 10 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।

## श्री स्वामी समर्थ के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम



बहादुरगढ़। श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा इशिका ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। निव्या ने द्वितीय स्थान तथा सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल चेयरमैन अभिषेक छिल्लर ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संस्थान आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

### फ्री स्टाइल कुश्ती में रोहित ने 57 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया

# जूनियर नेशनल में सोनू अखाड़े के सात पहलवानों का दमदार प्रदर्शन, मेडल जीते



बहादुरगढ़। कोच धर्मेंद्र दलाल व अन्य के साथ विजेता पहलवान।



बहादुरगढ़। कोच व कुश्ती प्रेमियों के साथ पदक विजेता पहलवान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बीते दिनों छत्तीसगढ़ के भिलाई में हुई जूनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवानों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सात मेडल जीते। विजेताओं का अखाड़े में पहुंचने पर सम्मान किया गया।

फ्री स्टाइल कुश्ती में रोहित दलाल ने 57 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 125 किलो वर्ग में रजत कुमार ने रजत पदक जीता। ग्रीको रोमन में दिशांत रूहल ने 130 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। कांस्य पदक विजेताओं में ग्रीको रोमन के 63 किलो वर्ग में कुणाल कुमार और 55 किलो वर्ग में योगेश फलसवाल शामिल रहे। फ्री स्टाइल में 125 किलो वर्ग में लक्ष्य काद्यान और 86 किलो वर्ग में साहिल दलाल ने भी कांस्य पदक जीता। जीतकर लौटने पर सभी पहलवानों का अखाड़े में भव्य स्वागत किया गया। अर्जुन अवार्डी कोच धर्मेंद्र दलाल ने खिलाड़ियों का मिठाई और बादाम दूध से अभिनंदन करते हुए उनकी उपलब्धि पर गर्व जताया। इस अवसर पर हिंद केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवार्डी कोच ओमबीर सिंह, सेठी पहलवान, कोच सुधीर, रिंकू, अनुराग, मुकेश, कृष्ण, काला पहलवान, बिल्लू ठेकेदार, रामकिशन, संजय रुहल, राहुल, पवन, पातर सिंह, सतेंद्र, राकेश, जितेंद्र, गुड्डा नेवी, वीरेंद्र नरेश आदि मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ में छाए जयवीर अखाड़े के पहलवान

बहादुरगढ़। छत्तीसगढ़ में हुई जूनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के तीन पहलवानों ने मेडल जीते। विजेताओं का अखाड़े में पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर में यह प्रतियोगिता कराई गई थी, जिसमें देशभर के पहलवानों ने भाग लिया। बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े के भी तीन पहलवानों ने जोर आजमाइश करते हुए दो गोल्ड सहित कुल तीन मेडल जीते। निखिल ने 92 किलोग्राम तो अरुण ने 86 किलोग्राम भारवर्ग फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल जीते। जबकि 79 किलोग्राम भारवर्ग फ्री स्टाइल में पारस ने सिलवर मेडल प्राप्त किया। निखिल छोछी, अरुण छुड़ानी तो पारस रोहद गांव से हैं। तीनों पिछले कुछ वर्षों से गुरु जयवीर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं और पहले भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुके हैं। कोच जयवीर, मन्नु, संजीत, विजय सिलोठी, सत्ते पहलवान, धर्मबीर बुपनिया ने विजेताओं को बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### हाइरॉक्स में चौथे नंबर पर रहे राजेश रघुवंशी

**बहादुरगढ़।** बैंगलूरू इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर में हुए हाइरॉक्स स्पर्धा में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के राजेश रघुवंशी ने चौथा स्थान हासिल किया। राजेश 55 से 59 वर्ष आयुवर्ग में मात्र 32 सेकेंड से पोडियम फिनिश से चूक गया। बीआरजी संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि इस अनोखे फिटनेस कॉम्पिटिशन में 8 किलोमीटर दौड़ और 8 अलग-अलग वर्कआउट शामिल होते हैं। हर एक किलोमीटर दौड़ के बाद प्रतिभागियों को एक फिटनेस एक्सरसाइज करनी होती है, जिसमें स्ट्रेंथ, एंड्योरेंस और स्टैमिना की कड़ी परीक्षा होती है। उन्होंने कहा कि राजेश रघुवंशी का यह प्रदर्शन युवाओं और वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**बहादुरगढ़।** जाखोदा फाटक के नजदीक रेलवे लाइन पर एक महिला का शव पाया गया। ट्रेन की चपेट में आने या गिरने से मौत की आशंका है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया है। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार के अनुसार, वीरवार की सुबह सूचना मिली थी। मौके पर गए तो ट्रक पर महिला का शव पाया गया। आसपास पहचान संबंधित कोई दस्तावेज या सामान बरामद नहीं हुआ। शव को 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मृतका की उम्र करीब 30 वर्ष आंकी जा रही है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### लाइनपार से अर्टिगा गाड़ी चोरों ने उड़ाई

**बहादुरगढ़।** लाइनपार से एक गाड़ी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। भिवानी के बापोड़ा गांव के हिमांशु का कहना है कि वह फिलहाल यहां लाइनपार की इंदिरा कॉलोनी में रहता है। अपनी अर्टिगा गाड़ी को टैक्सी के तौर पर चलाता है। गत 14 अप्रैल की रात करीब 12 बजे लाइनपार में पार्क के सामने गाड़ी खड़ी की और अपनी जीजा के घर चला गया। अगली सुबह जब घर से निकला तो गाड़ी नहीं मिली। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी।

### अविश्वास प्रस्ताव की बैठक बुलाने के लिए डीसी और एडीसी से की मुलाकात

# वाइस चेयरमैन से खफा पार्षदों ने किया सीएम की वर्चुअल बैठक का बहिष्कार

- 31 वार्डों के कुल 123 वार्ड कमेटी सदस्यों में से करीब 20 सदस्य ही बैठक में शामिल हुए
- आंदोलनरत पार्षदों ने कहा जब तक अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक नहीं बुलाई जाती वे किसी कार्यक्रम में नहीं आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** डीसी और एडीसी से मिलने झज्जर गए नाराज पार्षद व उनके प्रतिनिधि।

नगर परिषद उपाध्यक्ष राजपाल उर्फ पालेराम शर्मा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की बैठक बुलाने के लिए पार्षदों ने एक बार फिर जिला उपायुक्त तथा अतिरिक्त जिला उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जब तक पालेराम शर्मा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की बैठक नहीं होगी, वे किसी अधिकारिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने इसी क्रम में वीरवार को आयोजित सीएम नायब सैनी की वर्चुअल बैठक का भी बहिष्कार किया।

बता दें कि निकाय में वार्ड कमेटी सदस्यों के अधिकार एवं कर्तव्यों को लेकर आयोजित मुख्यमंत्री की वर्चुअल बैठक का नगर परिषद के अधिकांश पार्षदों ने वीरवार को बहिष्कार कर दिया। बैठक में चेयरपर्सन सरोज राठी, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा और पार्षद नीना राठी के अलावा अधिकांश पार्षद अनुपस्थित रहे। यही नहीं, वार्ड कमेटी के सदस्यों ने भी इस बैठक में खास रुचि नहीं दिखाई, जिससे कार्यक्रम फीका नजर आया। गौरतलब है कि नगर परिषद के 31 वार्डों के कुल 123 वार्ड कमेटी सदस्यों में से केवल करीब 20 सदस्य ही बैठक में शामिल हुए। पार्षदों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए साफ किया कि वे वाइस चेयरमैन राजपाल शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं।

पार्षद मनीषा धनखड़, सत्यप्रकाश छिकारा, बिजेंद्र दलाल, संदीप दहिया, रमन यादव, कुलदीप राठी और सुनैना मलिक सहित अन्य पार्षदों का कहना है कि जब तक अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विशेष बैठक नहीं बुलाई जाती, तब तक वे नगर परिषद की किसी भी बैठक में भाग नहीं लेंगे।

दरअसल, पार्षद रजनीश कुमार मोनू, अन्नु रानी, राजेश मकड़ौली, ज्योति शर्मा, संदीप अहलावत, जितेंद्र राठी, राजकुमारी धाकरे, मनीषा धनखड़, प्रीति राठी, ज्योति राठी, सचिन दलाल, संदीप दहिया, विशाल गर्ग, विनोद जांगड़ा, बिजेंद्र दलाल, सुनैना मलिक, अश्वनी शर्मा, रमन यादव, बलराम दलाल मिंटू, ज्योति रोहिल्ला व कुलदीप राठी आदि ने 17 मार्च को जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल को एफिडेविट सौंपते हुए वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा के खिलाफ अविश्वास जताया था। पालेराम शर्मा के सार्वजनिक व्यवहार से खफा पार्षदों ने कहा कि पालेराम को उपप्रधान के पद पर कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### जनगणना 2027 का डिजिटल आगाज

# डीसी ने स्वयं की स्व-गणना कर की शुरुआत



**झज्जर।** स्व-गणना करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

- 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा स्व-गणना का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जनगणना 2027 के अंतर्गत जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना का विकल्प वीरवार से खुल गया है, जोकि आगामी 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने स्व-गणना करते हुए जिलेवासियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि जिलावासी आगामी 30 अप्रैल तक पोर्टल एसई.सीईएनएसयूएस.जीओवी.इन के माध्यम से स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है।

इससे समय की बचत के साथ-साथ प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि नागरिक स्व -गणना के लिए 16 भाषाओं में से अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं। फार्म में कुल 33 सवालों के जवाब देने होंगे। उन्होंने कहा कि यह सुविधा नागरिकों को डिजिटल माध्यम से अपने विवरण स्वयं दर्ज करने का अवसर देती है, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और प्रभावी बनती है।

# अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के समर्थन में नप गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** नगर परिषद का गेट बंद कर नारेबाजी करते कर्मचारी।

मांगों को लेकर अग्निश्मन विभाग के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इस हड़ताल के समर्थन में नगर परिषद बहादुरगढ़ के सफाई कर्मियों ने भी मोर्चा खोल दिया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ की बहादुरगढ़ इकाई के कर्मचारियों ने वीरवार सुबह तीन घंटे का काम बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। नगर परिषद के गेट पर ताला तक लगा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि मंच संचालन उप प्रधान अजय ने किया। राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र, इकाई सचिव अमित, वरिष्ठ उपप्रधान लीलाराम, कैशयिर मुकेश, सहसचिव होशियार सिंह, ऑडिटर सुनील, उपप्रधान सपना सहित अन्य कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे। कर्मचारियों ने आगामी आंदोलन की रूपरेखा भी घोषित की। आगामी 20 और 21 अप्रैल को काले बिल्ले लगाकर कार्य किया जाएगा। इसके बाद 24 और 25 अप्रैल को प्रदेश के सभी शहरों में उल्टा झाड़ू प्रदर्शन किया जाएगा। फिर 27 और 28 अप्रैल को दो दिवसीय 8-8 घंटे की कार्मिक भूख हड़ताल होगी, जबकि एक और दो मई को दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल की जाएगी।

## ख्वाहिश को मिस फेयरवेल का खिताब

**हरिभूमि न्यूज. झज्जर।** महाराजा अग्रसेन पीजी महिला महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉक्टर नीलम ने पार्टी की शुरुआत की। पार्टी में विज्ञान स्नातक से तन्नू को ऑल राउंडर, ख्वाहिश को मिस फेयरवेल, एकता को मिस पर्सनेलिटी का खिताब मिला। एमएससी रसायन शास्त्र में खुशबू ऑल राउंडर, दिव्या मिस फेयरवेल व सोनिया मिस पर्सनलिटी चुनी गई। इसी प्रकार भूगोल विभाग से मिस फेयरवेल उर्मिला, मिस पर्सनालिटी प्रीति तथा मिस ऑल राउंडर ललिता, राजनीतिक विभाग से मिस फेयरवेल योगेश्वरी, मिस पर्सनालिटी रवीना तथा मिस ऑल राउंडर पूनम, इतिहास विभाग से मिस फेयरवेल आशीष, मिस पर्सनालिटी सुकन्या, अंग्रेजी विभाग से मिस फेयरवेल डिंपल, मिस पर्सनालिटी वंदना तथा मिस ऑल राउंडर शीतल को चुना गया। प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग ने सभी चयनित छात्राओं को क्राउन पहनाकर सम्मानित किया।



## नप सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ की राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर स्थानीय नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर तीन घंटे की काम छोड़ हड़ताल की। कर्मचारी शहर के आंबेडकर चौक स्थित टाउन हॉल परिसर में एकत्रित हुए। इसके बाद वे जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञापन सौंपा। नगर पालिका इकाई प्रधान शिवम चावंरिया ने कहा कि सरकार के साथ कई दौर की वार्ताओं के बावजूद कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अन्य विभागों में ठेका कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल कर सुविधाएं दी हैं, लेकिन पालिका कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। इस मौके पर इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, कैशियर गौरव टॉक, ऑडिटर कृष्ण मेहरोलिया, कमलेश, बबली, मनीषा, शीतल, विद्या, सविता, सुशीला, सुनीता, सरस्वती, बबीता, विनोद, सूरज, शिब्बू, गुलाटी, कुलदीप, अमित, जितेंद्र, महेश, विजय, दीपक, कृष्णा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



## आंदोलनरत मजदूरों पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन

- गिरफ्तार किए गए 55 मजदूरों की बिना शर्त रिहाई और दर्ज मुकदमों को रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वक्ता।

वीरवार को विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने मानेसर और नोएडा में मजदूर आंदोलन पर कथित पुलिस दमन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सीआईटीयू, सर्व कर्मचारी संघ और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर किए गए इस प्रदर्शन में ग्रीन बेल्ट में एकत्रित हुए। उन्होंने राव तुलाराम चौक तक प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता सीआईटीयू कंवीनर किरण ने की जबकि संचालन देवेंद्र द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तार किए गए 55 मजदूरों की बिना शर्त रिहाई और दर्ज मुकदमों को रद्द करने की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कारखानों में मजदूरों से 12-14 घंटे काम लिया जा रहा है, जबकि उन्हें न्यूनतम वेतन और साप्ताहिक अवकाश तक नहीं मिल रहा। जिसके कारण कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। उन्होंने पुलिस कार्रवाई और लाठीचार्ज को ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय पर अधिसूचना जारी कर देती तो मजदूरों को सड़कों पर उतरने की नौबत नहीं आती। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने मजदूरों के लिए 23,196 रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने, मृत मजदूरों के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने और कार्यस्थलों पर सुरक्षा बढ़ाने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही अग्निशमन कर्मियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए सरकार से वार्ता कर समाधान निकालने की अपील भी की गई। इस मौके पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी ब्लॉक प्रधान सुनील, मांगेराम, आशा वर्कर यूनियन से प्रवेश मातनहेल, सविता, पूनम, कविता, सुदेश, बाला, संतोष, मंजू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवाओं की मौत, एक गंभीर

### बाबरा गांव में नील गायों के झुंड ने बाइक सवार को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवाओं की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वीरवार को पुलिस द्वारा परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

पहली घटना बाबरा गांव में हुई, जब बुधवार की शाम अनूप उर्फ अंकित नामक किशोर अपनी मोटरसाइकिल पर गांव के स्टेडियम जा रहा था। इसी दौरान अचानक नीलगाय का झुंड उसकी मोटरसाइकिल के सामने आ गया और मोटरसाइकिल एक नीलगाय से टकराते हुए जमीन पर गिर गई। मोटरसाइकिल के साथ जमीन पर गिरे अनूप उर्फ अंकित को नीलगाय के झुंड कुचल डाला, जिस कारण उसकी मौत हो गई। मामले के जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि इस संबंध में मृतक के पिता जयवीर के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।



#### थार की टक्कर से मौत



दूसरी घटना में करीब 22 वर्षीय प्रिंस पुत्र चांद सिंह निवासी मदाना खुर्द जब बुधवार को अपने साथी नितेश के साथ के किसी कार्य से मोटरसाइकिल पर सवार होकर डीघल गया था। जब वे दोनों अपना काम निपटाकर शाम करीब साढ़े सात बजे वापिस लौट रहे थे तो लकड़िया गांव के नजदीक विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार थार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रिंस ने मौके पर दम तोड़ दिया, वहीं गंभीर रूप से घायल नितेश को रोहतक के पीजीआई में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### मोटरसाइकिल असंतुलित होकर पेड़ से टकराई, युवक की मौत



तीसरी घटना झज्जर कोसली मार्ग पर गांव हसनपुर व रईया के बीच हुई। इस घटना में ढाकला गांव निवासी करीब 33 वर्षीय महेश पुत्र रामकुंवार काल का ग्रास बना है। परिजनों ने बताया कि महेश कैंटर चालक था और मिट्टी भरत का काम करता था। बुधवार शाम वह मोटरसाइकिल पर किसी काम से रईया गांव आया था। जब रात करीब आठ बजे वह अपना काम निपटाकर वापिस ढाकला जा रहा था तो हसनुपर गांव के नजदीक उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से जा टकराई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल महेश को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शिशु तस्करी : करनाल व फरीदाबाद तक पहुंची जांच

- बच्चों के संदिग्ध खरीदारों को पुलिस ने जांच के लिए बुलाया
- अब तक 60 बच्चों की खरीद फरोख्त की बात आ चुकी है सामने, दो बच्चों को किया जा चुका है बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शिशु तस्करी मामले में पुलिस ने जांच तेज करते हुए वीरवार को बड़ी कार्रवाई की। थाना शहर पुलिस ने कथित रूप से बच्चों को खरीदने वाले लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया। करनाल और फरीदाबाद से आए इन संदिग्धों से गहन पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जांच में अब तक 60 से अधिक बच्चों की खरीद-फरोख्त का खुलासा हो चुका है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। पुलिस यह जानने में जुटी है कि यह गिरोह कितने बड़े स्तर पर सक्रिय है और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही है। अधिकारियों के अनुसार, पहले बरामद किए गए दो बच्चों को सुरक्षित रेवाड़ी स्थित चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी को सौंपा गया है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। साथ ही अन्य बच्चों की पहचान और उनके परिजनों तक पहुंचने के प्रयास भी लगातार जारी हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस गिरोह का नेटवर्क पंजाब, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों तक फैला हुआ है। इसी के चलते करनाल और फरीदाबाद से संदिग्ध खरीदारों को बुलाकर पूछताछ की गई। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बच्चों को किन परिस्थितियों में खरीदा गया और इसके पीछे उनकी मंशा क्या थी। बता दें कि 31 मार्च को बहादुरगढ़ पुलिस की कार्रवाई के दौरान इस मामले का खुलासा हुआ था। अब तक इस केस में 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, हालांकि गिरोह का सरगना अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिटी एसएचओ जमील अहमद ने बताया कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



### पांच बच्चों का चयन, मिला सम्मान

**झज्जर।** हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों में गणित विषय की अभ्यास क्षमता बढ़ाने के लिए नवंबर 2025 से दार्शील चैटबॉट के माध्यम से कक्षा 6वीं व 7वीं के विद्यार्थियों को आईडी-पासवर्ड प्रदान कर नियमित गणित अभ्यास कराया जा रहा था। इस अभ्यास कार्यक्रम में दस विद्यार्थियों का चयन किया गया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय आजाद नगर के पांच विद्यार्थियों ने इसमें जगह बनाई। छात्र अंश ने प्रथम, रेणुका ने द्वितीय, कीर्ति ने चतुर्थ तथा दीक्षा ने सातवां, वंश ने आठवां स्थान हासिल किया। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मोबाइल फोन देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की गणित अध्यापिका प्रोमिला अहलावत को दस हजार रुपये का अमेजन वाउचर एवं प्रशस्ति-पत्र तथा विद्यालय मुखिया बिजेंद्र कुमार अहलावत को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

**सफलता** 55 विद्यार्थियों को मिलेगा राज्यपाल से सम्मान

# बाल महोत्सव में एचडी स्कूल ने जीती 9 प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** बाल महोत्सव में सांस्कृति प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ द्वारा 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक रेवाड़ी में आयोजित राज्यस्तरीय बाल महोत्सव में एचडी विद्यालय साल्हावास के विद्यार्थियों ने 9 प्रतियोगिताओं में शानदार जीत दर्ज की है। अब विद्यालय के 55 विद्यार्थी महामहिम राज्यपाल से सम्मानित होंगे। विद्यालय निदेशक रमेश गुलिया ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में ग्रुप-1 में देवांश ने बेस्ट ड्रामेबाज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप-2 में विज्ञान प्रश्न प्रतियोगिता में चारवी और यशवी ने प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रुप-3 में समूह गान में ईशान एंड पार्टी तथा ग्रुप–4 में तमन्ना ने कलश सजावट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ग्रुप–2 में एकल गायन में ऋषि, समूह गान में ऋषि एंड पार्टी, ग्रुप–3 में समूह नृत्य में महक एंड पार्टी तथा रंगोली प्रतियोगिता में दिव्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इनके अलावा ग्रुप-2 के समूह नृत्य में दीक्षा एंड पार्टी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को 5 लाख 28 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप निदेशक रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया एवं प्राचार्या प्रीति राठी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh**
**Krishna Devi W/o Kanwar Singh etc.Versus Naresh S/o Ran Singh etc.**
Whereas in the above-noted case, it has been proved to the satisfaction of the court that the above-named respondent no. 5 Krishan S/o Suresh S/o Lakhi (LR of Kishandei), respondent no. 6 Ramesh S/o Mehar Singh S/o Sehajram, respondent no. 7 Kuldeep S/o Nandram S/o Mehar Singh, respondent no. 8 Satish S/o Hawa Singh S/o Tare, and respondent no. 11 Ram Batheri W/o Karnal S/o Dalip, All R/o village Rohad, Tehsil Bahadurgarh, District Jhajjar, are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner; therefore, this publication is issued against the above named respondents in the application attached to appear before this Court on 13/05/2026 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them. Given under my hand the seal of the Court.
**AC 1st Grade, Bahadurgarh**

## खबर संक्षेप

### विजया स्कूल की लक्षिका ने प्राप्त किए 98.4% अंक

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विजया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल 238 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 62 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। लक्षिका ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं श्रुति ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रही। जबकि तृतीय स्थान पर एनी जून और अक्षिता रही, जिन्होंने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हिंदी में प्रियांशी, श्रुति, कनिका और अक्षिता ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में छवि ने 99 प्रतिशत, गणित में आर्यन ने 100 प्रतिशत, विज्ञान में अंश ने 99 प्रतिशत तथा सामाजिक विज्ञान में श्रुति ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। एआई में अक्षिता व शुभम, पर्यटन में हर्षिता तथा वित्तीय प्रबंधन में दिया ने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रिंसिपल सोइबल विश्वास ने सभी विद्यार्थियों को शानदार सफलता पर बधाई दी।

### अनु कुमारी ने 492 अंक लेकर नाम किया रोशन



**झज्जर।** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल की छात्रा अनु कुमारी ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य कृष्णानंद, अविनाश, जगन, एजीएम चंद्रशेखर, एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी ने इस उपलब्धि को शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की अथक मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### मॉडल संस्कृति के सभी 152 विद्यार्थी उत्तीर्ण

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई के दसवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के 152 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा दी और स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हिमांशी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, दीक्षा कुमारी ने 93 फीसद अंक लेकर द्वितीय स्थान और रक्षित कुमार सिंह ने 92 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 20 छात्र छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मंजू रानी ने सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

## अनुष्का ने 99.6% अंक प्राप्त कर झज्जर जिले में टॉप किया, वरूणी को 99.4% अंक

# श्री रामा भारती स्कूल के 98 विद्यार्थियों ने हासिल किए 90% से अधिक अंक

### 38 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



अनुष्का वरुणी आर्य आशीष

सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्री रामा भारती पब्लिक स्कूल के 283 विद्यार्थियों में से 98 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 38 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। अनुष्का ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बहादुरगढ़ के साथ ही झज्जर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वरूणी आंनद ने 99.4 प्रतिशत व आर्या आशीष ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर व जिले में क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक एएस गुप्ता व कुसुम गुप्ता ने हार्दिक खुशी जाहिर करते हुए अभिभावकों को बधाई दी।



### अशोका इंटरनेशनल के स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन

*बहादुरगढ़। अशोका इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रा मुक्ति ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, आकांक्षी ने 85 फीसद अंक के साथ द्वितीय व हर्ष ने 83 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल चेयरमैन डॉ. अशोक शर्मा, निदेशिका विजय लक्ष्मी व प्रिंसिपल जैनेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी।*



मुक्ति आकांक्षी हर्ष

## कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में 42 विद्यार्थियों ने बनाया मेरिट में स्थान, रौनक रहा प्रथम

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना का सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र रौनक ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि शुभम नेहा 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व हिमांशु तृतीय रहा। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि रौनक व लक्की ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के कुल 87 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 42 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया जबकि 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने होनहार विद्यार्थियों व गणित प्राध्यापक देवेंद्र कुमार को नकद प्रोत्साहन राशि सम्मानित किया।

## कैंब्रिज स्कूल में गर्वित ने 93% अंकर लेकर किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र गर्वित ने 93 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन एडवोकेट शरद राव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य डॉक्टर मनजीत कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।



झज्जर। बेहतरीन परीक्षा परिणाम की खुशी में झूमते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## संस्कारम के 136 विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाया स्थान, सुहानी-लक्षिता ने प्राप्त किए 98.6% अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के 136 विद्यार्थियों ने जहां मेरिट में स्थान बनाया है, वहीं सुहानी-लक्षिता ने 98.6 अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और स्कूल के शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से सोहानी और लक्षिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। उन्होंने सभी मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आश्वासन दिया कि संस्कारम ग्रुप भविष्य में भी उच्च तकनीक और आधुनिक संसाधनों के माध्यम से शिक्षा के स्तर को और ऊंचाइयों पर ले जाएगा, ताकि यहां का प्रत्येक छात्र वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सके।



झज्जर। होनहार विद्यार्थी स्कूल स्टाफ सदस्यों के साथ विजयी चिन्ह बनाते हुए।

## खबर संक्षेप



### माउंट व्यू के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बहादुरगढ़। माउंट व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। अक्षरा, भूमि, हिमांशी, सौरभ, लक्ष्य और दिव्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। प्राचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन की सराहना की। स्कूलल निदेशक देवेंद्र लाठर ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### हरदयाल स्कूल में निशा ने बाजी मारी

**बहादुरगढ़।** शहर के हरदयाल पब्लिक स्कूल का कक्षा दसवीं का परिणाम अत्यंत शानदार और प्रेरणादायक रहा। निशा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कोमल ने 97.6, पुनीत ने 97.4, नैतिक ने 96.8, प्राची ने 96.8 तथा दीपक ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इस शानदार सफलता पर स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव, श्रुति यादव व प्रधानाचार्य अंशु यादव ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।




### त्रिवेणी स्कूल का परिणाम रहा शानदार

बहादुरगढ़। गत वर्षों की भांति त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 10वीं कक्षा का परिणाम इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। अक्षिता ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित में कार्तिक और कंप्यूटर विज्ञान विषय में हंसिका ने 100-100 अंक प्राप्त किए। कुल 72 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि विषयानुसार कुल 440 मेरिट प्राप्त हुईं। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा, प्रधानाचार्या सुमित्रा महला व उप-प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के साथ डीएवी स्कूल का स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी के 45 विद्यार्थियों ने 90% अंक हासिल किए

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के वार्षिक परिणाम में डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के 189 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 45 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 123 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शौर्य रोहिला ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, तमन्ना ने 98.4 फीसद अंकों के साथ द्वितीय, धैर्य दलाल ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अतुल ने 97.4 अंकों के साथ चौथा और सृष्टि ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ 5वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने स्कूल प्रांगण में सभी विद्यार्थियों में मिठाई वितरित करते हुए उन्हें बधाई दी।

### संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में धीरेन रहा प्रथम

झज्जर। संस्कारम स्कूल पाटौदा में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से छात्र धीरेन ने 98.2 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। आयुषी ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा पारुल ने 97.2 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त नितिन, प्रिंस, रिया व गरिमा ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बेहतरीन अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को संस्कार समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल द्वारा सम्मानित किया गया।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों के साथ उपस्थित चेयरमैन डॉ. महिपाल। फोटो : हरिभूमि

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के टॉपर्स को मिला वियतनाम टूर का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। जीडी गोयनका के टॉपर स्टूडेंट्स के साथ शैलजा जून व प्रिंसिपल। फोटो : हरिभूमि

शहर की एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेहतर परिणाम हासिल किया है। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने इस सफलता को विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक प्रतिफल बताया।

इस वर्ष परिक्षित और उज्वल ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नेहल और गर्वित 98 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि महिमा ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। सात विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। गणित में नेहल, विहान और गर्वित, हिंदी में परिक्षित तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में उज्वल, महिमा और अलंकृता ने पूर्ण अंक हासिल किए। इसके अलावा 35 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की और इसे उनकी मेहनत का परिणाम बताया। शैलजा जून ने कहा कि विद्यालय केवल अंक ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी समान रूप से ध्यान देता है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परिक्षित और उज्वल को विद्यालय की ओर से वियतनाम भ्रमण का उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।


